बरेली, शनिवार
1 अगस्त, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 04 MIDDLE

# SRMS-CET ने पांडुव से किया MOU

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (31 July):** श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एसआरएमएस-सीईटी ने उद्योग और शिक्षा के बीच मजबूत तालमेल बनाने की दिशा में पांडुव एप्लीकेशंस प्रा. लि. के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए. इस साझेदारी का उद्देश्य छात्रों को कम्प्यूटेशनल मॉडलिंग, सिमुलेशन और आधुनिक डिजिटल इंजीनियरिंग तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराना है. कार्यक्रम में कॉलेज प्रशासन और कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्रों को रिसर्च, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया. एमओयू के तहत इंटर्नशिप, इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट्स, एक्सपर्ट लेक्चर, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग और संयुक्त अनुसंधान गतिविधियां संचालित होंगी.